हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 23 मई 2025

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

16 लंबन एवं सामाजिक अन्वेषण प्रतिवेदन को लेकर...



16 पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में कुपोषण ...





## खबर संक्षेप

### 11 केवी के संपर्क में आने से झुलस गए चार मजदूर

**महासमुंद**। मशीन को ले जाते चार मजदूर 11 केवी के संपर्क में आकर झुलस गए। इन मजदूरों को भंवरपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहाँ एक मजदूर की गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे रायपुर रिफर किया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत उमरिया के आश्रित गांव कोयलारीडीह में 10 लाख रुपए की लागत से बस्ती से तालाब के पास स्थित मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कराया जा रहा है। ठेकेदार ने मंगलवार को मिक्सर मशीन मंगाई। मशीन को लाते समय लोहे की रॉड 11 केवी हाईटेंशन तार के संपर्क में आ गया। जिससे मशीन को धकेल रहे कर्मचारी हेतराम नायक (19), गणेशु नायक (20), राम राणा (52), सरजू (18) करंट की चपेट में आ गए। इस संबंध में विद्युत विभाग के कार्यपालन अभियंता टेकेंद्र पटेल ने अनभिज्ञता जाहिर की। जनपद सीईओ पीयूष सिंह ठाकुर ने बताया कि हादसे में सरपंच व मशीन ठेकेदार की लापरवाही सामने आई है।

### दो लोगों ने युवक को मिलकर पीटा

**महासमुंद**। मकान निर्माण की पुरानी बातों को लेकर ग्राम सिरबोड़ा के दो लोगों ने बांस के डंडे और ईंट से गांव के ही एक व्यक्ति पर मारपीट कर दी। मारपीट से व्यक्ति घायल हुआ है। मामला बलौदा थाना का है जहां शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नरेंद्र भोई निवासी ग्राम सिरबोड़ा ने बताया कि 19 मई को शाम करीब 7.30 बजे अपने घर से कीर्तन मंडली होते हुए भंडारा का प्रसाद खाने जा रहा था। उसी समय गांव के ही वरूण भोई और कुश भोई ने मकान निर्माण की पुरानी बात को लेकर गाली गलौज कर कुश भोई अपने हाथ में रखे बांस के डंडे से और वरूण भोई ने पास पड़े सीमेंट के ईंट से मारपीट किया है। मारपीट से आँख के पास व मुंह, कमर में चोट आई है। मामले की शिकायत बलौदा थाने में दर्ज करवाकर कार्रवाई की मांग की है।

### गर्भवती महिलाओं का जांच शिविर कल

**सरायपाली**। आगामी 24 मई को स्वर्गीय मोहनलाल चौधरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली, आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघोड़ा व आयुष्मान आरोग्य आरोग्य मंदिर बलोदा में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं के जांच के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें महिला रोग विशेषज्ञ चिकित्सक व मेडिकल ऑफिसर द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों द्वारा चिन्हित गर्भवती महिलाओं का संपूर्ण जांच किया जाएगा। विदित हो कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह के 9 व 24 तारीख को यह शिविर का आयोजन किया जाता है।
इस दिन अवकाश होने के स्थिति अगले दिन यह शिविर का नियमित आयोजन किया जाता है।


# मवेशी बाजार बाधित हुआ तो मिली गौरक्षक को मिल रही धमकियां

## मामले में महिला के खिलाफ जांच में जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के समीपस्थ ग्राम बरोंडाबाजार में अवैध रुप से संचालित बैल/मवेशी बाजार से संचालन बाधित होने से गौ तस्कर और कोचिए तिलमिलाए हुए हैं। गौहत्या के लिए किए जा रहे बैल बाजार के अवैध संचालन में जनपद और पंचायत स्तर के अधिकारी कर्मचारियों और प्रतिनिधियों की सांठगांठ मीडिया के माध्यम से सामने आया। जिसके बाद हिंदूवादी संगठनों और गौ रक्षकों की समर्थित प्रतिक्रिया से इस व्यापार से जुड़े लोग गौरक्षकों को डराने धमका रहे हैं।

ऐसा ही एक मामला गुरुवार को सामने आया जब शहर के एक गौसेवक को अज्ञात महिला द्वारा मोबाईल पर व्हाट्सएप कॉल के माध्यम से धमकी दी गई। शिकायतकर्ता की मानें तो मवेशियों की खरीद फरोख्त में ग्राम परसट्टी के एक शासकीय कर्मी की संलिप्तता भी सामने आ रही है। जिसके परिणाम स्वरुप इस घटना के होने की आशंका जताई जा रही है। अज्ञात महिला द्वारा मोबाइल पर वाट्सअप कॉल पर धमकी देने की शिकायत सिटी कोतवाली महासमुंद दर्ज कराई गई है। जिसके बाद पुलिस मामले की सघन जांच में जुट गई।



### यह लिखा शिकायत में

मिली जानकारी के अनुसार स्थानीय सुभाष नगर निवासी विजय पिता महेश महतो ने थाने में शिकायत की है कि वे गुरुवार सुबह 11:51 बजे अपने दुकान में थे, इस दौरान उनके मोबाइन क्रमांक 94255-22733 पर 88159-01535 से वाट्सअप कॉल आया। जिसमें कोई अज्ञात महिला द्वारा स्वयं को अखिलेश लूनिया की बहन होते हुए अपना परिचय दिया जिसके बाद महिला ने युवक को बहुत बड़ा गौरक्षक बनता है व गौतस्करों के खिलाफ फेसबुक में उल्टा पुल्टा लिखता है कहकर गाली गलौज की और कहा कि अगर तू दोबारा गौतस्करी की बात किया तो अभी तेरे दुकान आकर बताउंगी और झूठे केस में फंसा देने की धमकी दी। प्रार्थी विजय महतो ने थाने प्रभारी ने कार्रवाई की मांग की है।



### जांच के बाद होगी कार्रवाईः थाना प्रभारी

कोतवाली थाना प्रभारी शरद दुबे ने बताया कि मामले में शिकायत होने के बाद संबंधित महिला थाना पहुंची। जहां पुलिस जांचकर्ता अफसरों द्वारा आगामी दिवस में जांच के दौरान पूछताछ के लिए महिला को उपस्थित होने कहा गया है।

## परीक्षा: पंजीयन के मुकाबले दोनों परीक्षा में कुल 5647 रहे अनुपस्थित

# दो पालियों में हुई प्री बीएड और डीएलएड परीक्षा, दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा 2 वर्षीय डीएलएड और बीएड पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए प्री डीएलएड और प्री बीएड प्रवेश परीक्षा गुरुवार को जिले के क्रमशः 30 व 57 केंद्रों में संपन्न हुई। इसके लिए व्यापम द्वारा ऑनलाइन एडमिट कार्ड जारी किए गए थे। गुरुवार को दो पालियों में हुई परीक्षा के लिए परिक्षार्थियों में भारी उत्साह देखा गया। परीक्षा समाप्ति के बाद पर्चे को लेकर परिक्षार्थियों से मिली जुली प्रतिक्रिया सामने आई।

मिली जानकारी के अनुसार प्री-बीएड परीक्षा के लिए बनाए गए 30 केंद्र में कुल 7520 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था जिसमें से केवल 5109 परीक्षार्थी ही उपस्थित हुए। 2411 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार डीएलएड की परीक्षा द्वितीय पाली में 57 केंद्रों में आयोजित की गई। इसमें कुल 13404 छात्र पंजीकृत रहे और 10168 छात्र उपस्थित हुए और 3236 अनुपस्थित रहे।



### एक मिनट की देरी के कारण परीक्षा से चूकी

परीक्षार्थियों को परीक्षा के पूर्व निर्देश जारी किए गए थे। एक परीक्षा केंद्र में ओड़िशा से आई छात्रा केवल एक मिनट परीक्षा केंद्र पहुंचने से देर हो गई। छात्रा गुहार लगाती रही, लेकिन परीक्षा केंद्र के भीतर प्रवेश नहीं दिया गया। छात्रा को निराश होकर वापस लौटना पड़ा। इस संबंध में केंद्र प्रभारियों ने बताया कि परीक्षा के पूर्व ही निर्देश जारी किया गया था, कि समय पर देरी होने से प्रवेश नहीं दिया जाएगा। बता दें कि व्यापम द्वारा जारी निर्देश के अनुसार परीक्षा के दिन प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा से लगभग एक घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होना होगा। ताकि, उनके मूल पहचान पत्र से उनकी पहचान की जा सके तथा परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जा सके।

### 100 अंक का रहा प्रश्न-पत्र

डीएलएड की परीक्षा देकर निकली छात्रा लक्ष्मी ठाकुर ने बताया कि 100 अंक का प्रश्न-पत्र था आसान था। राम दास मानिकपुरी ने बताया कि दो घंटे का समय दिया गया था, और 100 प्रश्न-थे। सांकरा से आई छात्रा सुनिता, सरस्वती ने बताया कि कुछ विषय कठित थे और कुछ आसान थे।





### परीक्षा के बाद शहर में लगा जाम

परीक्षा के चलते शहर में मेला जैसा माहौल रहा। शाम को परीक्षा छूटने के बाद घर निकलने की आपाधापी के चलते शहर के चौक चौराहों में भारी भीड़ नजर आई। वाहनों की अधिकता के चलते शहर के मुख्यमार्ग में जाम जैसे हालात रहे और वाहनों निकलने में काफी समय लगा।

# ग्राम तमोरा से अवैध अतिक्रमण हटाया गया





हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वन मंडलाधिकारी, सामान्य वनमंडल ने बताया कि वनमण्डल अंतर्गत बागबाहरा परिक्षेत्र के ढोड़ परिसर के कक्ष क्रमांक 95 व 96 में ग्राम तमोरा के निवासी बैसाखूराम वल्द बैलाराम खैरवार, हिरउ वल्द बोधराम, खेलकुंवर वल्द हिरउराम ध्रुव, रमेश ध्रुव वल्द फूलसिंग ध्रुव एवं अन्य 50 व्यक्तियों द्वारा वन क्षेत्र में रकबा लगभग 100 हेक्टेयर वन भूमि में अतिक्रमण के उद्देश्य से कचरा, सूखे पत्ते की सफाई एवं घांस निंदाई कर मेड़ बनाकर कुछ सालों से खेती जा रही थी। उक्त व्यक्तियों द्वारा वर्ष 2019-20 में भी अतिक्रमण का प्रयास किया गया था। वर्ष 2019-20 में अतिक्रमणकारियों से वनक्षेत्र को मुक्त कराया गया था। अतिक्रमणकारियों द्वारा पुनः अतिक्रमण किया गया, जिसके लिये पीओआर क्रमांक 14403/23, 24, 25 दिनांक 22.01.2025 जारी कर अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध वन अपराध प्रकरण दर्ज किया गया। परिक्षेत्र अधिकारी बागबाहरा द्वारा अतिक्रमणकारियों को समझाइश देकर वन क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के लिए प्रयास किया गया। अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाने पर 21 मई 2025 को पुलिस बल एवं वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा कक्ष क्रमांक 95 एवं 96 से अतिक्रमणकारियों को हटाया गया है।

# लोहिया चौक से 25 को निकलेगी सिंदूर शौर्य शोभायात्रा



**महासमुंद**। राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच महासमुंद के बैनर तले जिला केंद्र पर ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत सैन्य बलों का उत्साहवर्धन, स्वागत आभार सहित समाज में देशभक्ति का भाव बढ़ाने के लिए सिंदूर शौर्य शोभा यात्रा और सभा का आयोजन स्थानीय लोहिया चौक में 25 मई दिन रविवार को किया जाना निश्चित हुआ है। बुधवार को जिला स्वाभिमान मंच कि बैठक स्वाध्याय केंद्र महासमुंद में आहूत की गई। बैठक में सर्वप्रथम कार्यक्रम के लिए जिला संचालन टोली का गठन किया गया। जिला के मातृ शक्तियों के द्वारा मातृभक्ति सहित समाज की अधिकाधिक उपस्थित युक्त कार्यक्रम सफलतापूर्वक करने की योजना बनाई गई, जिसमें महासमुंद जिले से कार्यकर्त्ता उपस्थित हुए। सभी विकासखंडों को उक्त कार्यक्रम के लिए अधिक से अधिक संख्या के लिए लक्ष्य दिया गया। इस मौके पर जैनेन्द्र चन्द्राकर भूपेंद्र राठौड़, उमेश गिरी, विपिन शर्मा, सालिक राम साहू, राजेश शर्मा, खगेन्द्र तारक, राकेश यादव, राधे सोनी, चन्दन डडसेना, चेतन ठाकुर, त्रिलोक शर्मा, कुबेर गिरी, चंद्रबदन मिश्रा, सुदेश कन्नौजे, गुलाब सेन, खगेंद्र तारक ने दी। इस कार्यक्रम में मातृ शक्तियों के सहयोग से किया जाना है। इसके लिए मंच संचालन, वक्ता व आभार तक के सारे कार्यक्रम मातृशक्तियों के द्वारा किया जाना है। ताकि, ऑपरेशन सिन्दूर की सार्थकता को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इस टोली में महेश चंद्राकर, चुनेश्वरी साहू, वाणी तिवारी, सुनीता विश्वनाथन, डिगेश्वरी, राजश्री ठाकुर, संध्या शर्मा, रिंकू बैरागी, राजेश डडसेना, वंदना सेन आदि होंगे।

# कलेक्टर ने समोदा-अछोला समूह जल प्रदाय योजना का किया औचक निरीक्षण

## क्षेत्र के 48 ग्रामों के 12 हजार से ज्यादा परिवारों को होगा लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में संचालित समोदा-अछोला समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का कलेक्टर विनय लंगेह ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सर्वप्रथम समोदा बैराज के निकट महानदी पर निर्मित किए जा रहे 10.0 मीटर व्यास के आरसीसी इंटेकवेल का निरीक्षण किया। इसके पश्चात वे ग्राम अछोली पहुंचे, जहां 6.0 एमएलडी क्षमता वाला जल शुद्धिकरण संयंत्र निर्माणाधीन है। इन दोनों प्रमुख स्थलों पर कार्य की वर्तमान स्थिति, गुणवत्ता की जानकारी लेकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### 48 ग्रामों के 12 हजार से ज्यादा परिवारों को होगा लाभ

निरीक्षण के दौरान लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता ने कलेक्टर को जानकारी दी कि समोदा-अछोला समूह जल प्रदाय योजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के 48 ग्रामों के कुल 12, 395 ग्रामीण परिवारों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर लंगेह ने अधिकारियों से योजना के विभिन्न अवयवों की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त की एवं निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं एवं निर्माण की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस आलोक, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता एवं कार्य एजेंसी के अभियंता भी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने कलेक्टर को योजना की आगामी कार्य योजना एवं संभावित पूर्णता तिथि से भी अवगत कराया।

# नारी शक्ति ने किया सिंदूर यात्रा, मशाल रैली का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिला मुख्यालय के लोहिया चौक से सर्वदलीय नारीशक्तियों के विशाल भीड़ के साथ बुधवार देर शाम शहर के मुख्यमार्गों पर महिलाओं ने सिंदूर लगाकर, लालरंग के परिधान और हाथों में मशाल लेकर सिंदूर यात्रा निकाली।

सिंदूर यात्रा में महिलाओं के साथ महासमुन्द लोकसभा की सांसद रूपकुमारी चौधरीं, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, कृषि बीज विकास निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अल्का चंद्राकर, नपा उपाध्यक्ष देवीचन्द राठी, जनपद उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारीयों की उपस्थिति में कार्यक्रम प्रभारी महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधा साहू और विभिन्न महिला संगठनों के पदाधिकारी भारतमाता की जय, वंदे मातरम का जयघोष करते हुए रैली में शामिल हुए।




सिंदूर यात्रा रैली के पूर्व लोहिया चौक में उपस्थित महिलाओं को सम्बोधित करते हुए महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरीं ने कहा कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादीयो ने निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या कर कई महिलाओं की सुहाग की हत्या कर उनका सिंदूर मिटा दिया। पूरे देशभर में इस जघन्य हत्याकांड से महिलाओं में आक्रोश का माहौल है। इस निर्मम नरसंहार को केंद्र की सरकार ने गम्भीरता से लेते हुए भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को खत्म करने के मिशन में सफलता हासिल की है। भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर केंद्र की सरकार की जवाबी कार्यवाही का उल्लेख करते हुए कहा कि एक तरफ महिलाओं का सिंदूर मिटाने वाले आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देश की पराक्रमी सेना ने दिया है। वहीं दूसरी तरफ देश भर में महिला मातृशक्ति और देशप्रेमी नागरिक, सेना के शौर्य और पराक्रम को नमन करते हुए धन्यवाद ज्ञापित करने तिरंगा यात्रा, सिंदूर यात्रा के माध्यम से अपनी राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रकट कर रही है। शहर के प्रमुख मार्गों से निकली इस सिंदूर यात्रा में शामिल महिलाये लाल रँग के परिधान में राष्ट्र की एकता अखंडता और देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत, भारत माता की जय, वंदेमातरम का जयघोष करते हुए गगनभेदी नारे लगाते हुए हाथों में मशाल थामे उत्साह से शामिल हुई। कार्यक्रम की प्रभारी सुधा साहू ने इस विशाल रैली में शामिल सर्वदलीय महिला कार्यकर्ताओं, विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिधिगण और नागरिजनों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जब जब इस देश की स्वाभिमान और अस्मिता पर संकट आया है तब तब मातृ शक्ति ने अपनी एकजुटता प्रदर्शित करते हुए देश की रक्षा में हरसंभव योगदान दिया है।

**खबर संक्षेप**



## कांग्रेसियों ने मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर के सभी ब्लॉक मुख्यालय में बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। इसी कड़ी में धरसीवां विधानसभा के धरसीवां, खरोरा एवं आरंग ब्लॉक में भी राजीव गांधी की मूर्ति में पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई। इसी दौरान पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने कांग्रेसियों को आतंकवाद एवं अलगाववादी ताकतों के खिलाफ संकल्प दिलाकर उनके किए गए कार्यों को याद किया। साथ ही युवा कांग्रेसियों ने रक्तदान शिविर भी लगाया। इस मौके पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा ने राजीव गांधी को कंप्यूटर क्रांति साइंस एवं टेक्नालॉजी आज जो भारत में समृद्ध है उसका श्रेय राजीव गांधी को है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व खनिज निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष कोमल साहू, दुर्गेश वर्मा, अश्वनी वर्मा सहित कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## मयंक वर्मा को मिली पीएचडी की उपाधि

**रायपुर।** आईआईटी पटना बिहार ने रायपुर निवासी मयंक वर्मा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उनका पीएचडी का विषय 'माइक्रो फिक्शन स्टियर वेल्डिंग ऑफ डीसी मिलर एल्युमिनियम एलाइज था'। उन्होंने अपना शोर्ध कार्य प्रोफेसर डा. प्रोवीर साहा के निर्देशन में पूरा किया। मयंक वर्मा होली क्रॉस स्कूल कापा रायपुर से स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद रुंगटा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग से बीटेक मेकेनिकल शाखा की डिग्री रायपुर से प्राप्त की। वर्तमान में प्रोजेक्ट इंजीनियर के रूप में वीएन आईटी नागपुर में कार्यरत है। वे हरिभूमि कार्यालय प्रसार विभाग में कार्यरत अशोक कुमार वर्मा के सुपुत्र हैं।



## छग धीवर समाज का प्रतिभा सम्मान 1 जून को

**रायपुर।** छग धीवर समाज रायपुर द्वारा वृंदावन हॉल, सिविल लाइन रायपुर के सभागार में 1 जून को कैरियर काउंसिलिंग एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इसमें बोर्ड कक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के 101 होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान किया जाएगा। साथ ही समाज के बच्चों के लिए निःशुल्क कैरियर काउंसिलिंग का भी आयोजन होगा, जिसमें काउंसिलर वर्षा अजित वरवंडकर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुरेश धीवर प्रदेशाध्यक्ष एवं राजकुमार धीवर अध्यक्ष रायपुर क्षेत्र, पार्षद रमेश सपहा, सावित्री भारती सहित समाज के लोग शामिल रहेंगे।

---

### छग के पारंपरिक लोककला गोदना को पेंटिंग में प्रदर्शित कर राष्ट्रीय स्तर पर रही चर्चित

# सेलीब्रेटिंग इंडिया प्रोग्राम में बाल आर्टिस्ट माही चुनीं गईं राष्ट्रीय विजेता

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली**

भारतीय सांस्कृतिक निधि (इंटैक), नई दिल्ली की विरासत शिक्षा और संचार सेवा प्रभाग की प्रधान निदेशिका पूर्णिमा दत्त के कुशल निर्देशन में आयोजित अखिल भारतीय रंगारंग भारत पोस्टर मेकिंग एवं लेख लेखन प्रतियोगिता 2025 में इंटैक सरायपाली अध्याय अंतर्गत संयोजक यशवंत कुमार चौधरी के नेतृत्व में एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंडा सरायपाली में अध्ययनरत छात्रा माही साहू ने प्रतिभागिता किया।

इन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य की विशिष्ट विरासत, छत्तीसगढ़ की पारंपरिक स्थानीय लोककला, संस्कृति, सभ्यता की चिन्हारी गोदना को प्रदर्शित करते हुए गोदना का रंगीन, आकर्षक चित्र उकेरकर अपने उत्कृष्ट ड्रॉइंग/पेंटिंग कला-कौशल का प्रदर्शन किया। वहीं इसके बारे में इससे संबंधित सारगर्भित लेख भी लिखा है, जो



राष्ट्रीय स्तर पर काफ़ी चर्चित रहा। संयोजक यशवंत कुमार चौधरी ने बताया कि देशभर के 80 अध्यायों से कक्षा सातवीं, आठवीं, नवमी पढ़ने वाले 9000 स्कूली विद्यार्थियों ने इस विशिष्ट प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और अपनी पेंटिंग व लेख की प्रविष्टियाँ हिन्दी, अंग्रेज़ी के साथ प्रमुख क्षेत्रीय भाषाओं में भेजीं, जिसे इंटैक केन्द्रीय मुख्यालय नई दिल्ली की ज्यूरी द्वारा मूल्यांकन पश्चात विभिन्न कसौटियों पर कसते हुए 11 राष्ट्रीय विजेता एवं 79 क्षेत्रीय विजेताओं के नामों की घोषणा की गई है। जिसमें ग्राम खरखरी निवासी कुलमणि साहू व गिनिता साहू की सुपुत्री माही साहू को राष्ट्रीय विजेता के रुप में चयनित किया गया है। छत्तीसगढ़ से एकमात्र प्रतिभागी माही साहू ने राष्ट्रीय विजेता के रुप में अपना स्थान बनाया है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को भारत की अल्पज्ञात अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों को उजागर करने के लिए पहल करने के लिए प्रोत्साहित करना रहा है। जिसमें विद्यार्थियों ने स्थानीय लोककला- संस्कृति-परंपरा को उजागर कर इन विरासतों के प्रति जागरूकता प्रदर्शित करने के भाव से पेंटिंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। राष्ट्रीय विजेताओं को इंटैक द्वारा नई दिल्ली में सम्मानित किया जाएगा। माही को राष्ट्रीय विजेता बनने पर इंटैक सरायपाली अध्याय के सहसंयोजक, इंटैक के लाईफ मेंबर्स, स्कूल के डायरेक्टर डॉ. भीमेंद्र सिंह भास्कर, प्राचार्य राजेन्द्र कुमार नायक, आर्ट टीचर श्रुति सामल सहित स्कूल स्टॉफ/प्रबंधन एवं परिजनों, सामाजिक जनों, इष्टमित्रों, सहपाठियों आदि ने हर्ष जताया है।

# रोहिना में ज्योति कलश यात्रा का स्वागत



**सरायपाली (ग्रामीण)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा मां भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी एवं अखंड ज्योति शताब्दी वर्ष पर संपूर्ण भारतवर्ष में अखंड ज्योति कलश यात्रा निकाली जा रही है। इसी तारतम्य में विगत दिनों ज्योति कलश यात्रा ग्राम रोहिना पहुंची। जहां ग्रामीणों ने भजन कीर्तन के साथ यात्रा का स्वागत किया। माताएँ बहनें अपने-अपने घरों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वेद माता गायत्री की पूजा अर्चना की तथा आशीर्वाद लेकर प्रसाद ग्रहण किए। मुख्य गली का भ्रमण करते हुए बीच चौक में सामूहिक रूप से संकल्प पाठ के साथ माँ गायत्री की आरती की गई। इस यात्रा में सरला कोसरिया भी शामिल होकर गायत्री परिवार द्वारा चलाए जा रहे विचार क्रांति अभियान की जानकारी दी तथा अपनी संस्कृति और संस्कार को बचाए रखने आह्वान किया। यात्रा का संचालन एवं अगुवाई कन्हैया लाल पटेल द्वारा की गई। इस यात्रा में धर्मेंद्र ठाकुर, छोटेलाल बंजारा, रेशमलाल, निरंजन बरिहा एवं गायत्री परिवार के परिजन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## साय सरकार में जल स्रोतों की सफाई और संरक्षण में घोर लापरवाही: रश्मि



**महासमुंद।** प्रदेश में भीषण जल संकट के लिए साय सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए महासमुंद कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने कहा है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद दुर्भावना पूर्वक नरवा संवर्धन योजना बंद कर दी गई, जिसके चलते भू-जल स्तर लगातार गिर रहा है। साय सरकार आने के बाद से जल स्रोतों की सफाई और संरक्षण में घोर लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा जनता भुगतने मजबूर है। सरकार की उपेक्षा, लापरवाही, अदूरदर्शिता और वर्षा जल संचयन के अभाव में पूरे प्रदेश में अप्रत्याशित जल संकट उत्पन्न हो गया है। पानी के अपव्यय और अनुशासनहीन उपयोग के कारण ही जनता को न पीने का पानी मिल पा रहा है और न ही खेतों में सिंचाई के लिए पानी है, हजारों एकड़ में रबी फसल, सिंचाई के अभाव में सुख गए हैं।

## पेवर ब्लॉक कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने नपाध्यक्ष ने दिए निर्देश



**महासमुंद।** शहर के वार्ड क्रमांक 15 में जारी पेवर ब्लॉक कार्य का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने किया। ज्ञात हो कि वार्ड 15 में पंकज महाराज घर के पास से महामाया मंदिर चौक तक पेवर ब्लॉक सड़क किनारे लगाए जा रहे हैं। पेवर ब्लॉक लगने से वार्ड वासियों को कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। तथा गंदे पानी का भराव नहीं होगा। नपाध्यक्ष ने कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने का सख्त निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिए। इस अवसर पर पार्षद ज्योति रिंकू चंद्राकर प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# स्वीकृत सड़कों की लंबाई कम करना सरकार की दुर्भावना: विनोद

## बरोंडा चौक से बम्हनी तक होना था सड़क चौड़ीकरण, अब केवल कलेक्टर निवास तक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद**

पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि उनके कार्यकाल में उन्होंने महासमुंद विधानसभा के अनेक सड़कों के चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य कराने शासन से स्वीकृति दिलाई थी। पूर्व लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू को पत्र प्रेषित कर सड़कों की जानकारी उन्होंने दी थी। जिसके बाद महासमुंद विधानसभा के विभिन्न सड़कों के साथ महासमुंद के बरोंडा चौक से बम्हनी तक सड़क चौड़ीकरण व मार्ग विभाजक निर्माण (डिवायडर) सहित 9 किलोमीटर कार्य के लिए मंत्री ने स्वीकृति दी थी।

उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा की सरकार द्वारा दुर्भावनावश इस स्वीकृत मार्ग चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण की लंबाई कम कर दी गई है। जिसके तहत बरोंडा चौक से कलेक्टर निवास तक ही कार्य कराए जाने हैं। जबकि, बरोंडा चौक से बम्हनी तक सड़क चौड़ीकरण आवश्यक है। न्यायालय, जिला मुख्यालय, जिला पंचायत सहित अधिकतरत सरकारी कार्यालय इसी मार्ग पर स्थित हैं। इसके अलावा महासमुंद से मचेवा, बम्हनी, बरोंडाबाजार, परसट्ठी, चिंगरौद होते हुए जिले के अंतिम छोर के गाँवों से लोग महासमुंद आते हैं। महाविद्यालयीन छात्र-छात्राएं भी इसी मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करते हैं। कलेक्टर निवास से आगे मचेवा, बरोंडाबाजार, बम्हनी, परसट्ठी की ओर जाने वाली मार्ग अत्यंत जर्जर हो चुका है। पहले से स्वीकृत सड़क चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण 9 किमी लंबी मार्ग निर्माण के कार्य को भाजपा की साय सरकार द्वारा कटौती कर केवल जिला मुख्यालय के बरोंडा चौक से कलेक्टर निवास तक स्वीकृति दी गई है, जो क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा की जा रही पुरानी मांग सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैया के चलते फिर ठंडे बस्ते में चली गई है। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार जिले में अब तक एक छोटी सड़क की मरम्मत तक नहीं करा पाई है। पूर्व कांग्रेस शासन में स्वीकृत सड़कों के मरम्मत व चौड़ीकरण कार्य में भी कटौती कर क्षेत्र के नागरिकों के साथ भेदभाव पूर्ण रवैया अपना रही है।



चंद्राकर ने कहा कि बरोंडा चौक से बम्हनी तक 9 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण व सौंदर्यीकरण कार्य की स्वीकृति तत्काल प्रदान कर क्षेत्र के लोगों के लिए आवागमन की सुगम व्यवस्था तत्काल बनाया जाए।

## बंद पड़ी स्ट्रीट लाइट जिम्मेदार कौन?

**झलप।** राष्ट्रीय राजमार्ग झलप में एनएचएआई द्वारा सैकड़ों स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। यह लाइट दिन में सड़कों की शोभामात्रा बढ़ा रही है। रात को गिने चुने दो-चार लाइटों को छोड़ बाकी लाइट बंद रहती हैं। शुरू-शुरू में जब फोर लाइन का निर्माण हुआ और यह सैकड़ों लाइटिंग झलप की सड़कों पर लगाई गई तो रात में झलप की शोभा देखते ही बनती थी। लेकिन, धीरे-धीरे यह लाइट बंद होती गई और आज यह आलम है कि दो-चार लाइटों को छोड़कर बाकी सब लाइट में बंद रहती हैं।

उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण आसपास के शहरों के विकास के लिए कई तरह की सुविधा प्रदान करता है। यह राजमार्गों के विकास, रखरखाव, प्रबंधन के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए भी कार्य करती है। इन सब के अलावा राजमार्गों में स्थित शहरों में जहां राष्ट्रीय राजमार्ग गुजरती है। स्ट्रीट लाइटों को लगाना और उसका रखरखाव प्रबंधन भी किया जाना इनका काम है। लेकिन, झलप के मामले में ऐसा नहीं है। विगत छह माह से यहां की लाइट बंद पड़ी है। टोल प्लाजा ढांक के प्रबंधन कंपनी के कर्मचारियों का यह कहना है कि पुरानी लाइटों को बदलकर नए लाइट लगाया जाएगा। लेकिन, ऐसा कहते-कहते 6 माह से भी ज्यादा का समय बीत चुका है और नतीजा सिफर ही है। स्थानीय जनप्रतिनिधि नेता इन अधिकारियों से बार-बार लाइट के बारे में पूछ कर और उन्हें बनाने के लिए कह कर थक चुके हैं। भाजपा नेता और झलप के पंच शम्मी सलूजा का कहना है कि ढांक टोल प्लाजा के प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज तिवारी विगत 6 माह से लाइट चालू करने का आश्वासन दे रहे है, लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं निकला है। अब आगे उच्च स्तर पर शिकायत करने की बात उनके द्वारा कही गई है। इस विषय में जब प्रोजेक्ट मैनेजर मनोज तिवारी से फोन पर संपर्क किया गया तो उनका कहना था कि सोडियम वेपर लाइट की जगह व्हाइट लाइट लगाया जाएगा, अभी 1 वर्ष पूर्व ही हमारी कंपनी को ये कार्य सौंपा गया था, इस सभी में समय लगता है।

# कल्पना को आदिवासी संस्कृति पर शोध पर पीएचडी की मिली उपाधि

**हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना**

क्षेत्र के ग्राम कलमीदादर (तोमील) से आदिवासी गोंड समाज बेटी ने आदिवासी संस्कृति पर शोध कर पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। इस शोध कार्य के लिए डॉ. आरके पांडेय विभाध्यक्ष हिंदी संत गुरू घासीदास शास्किय स्नातकोत्तर कुरूद जिला धमतरी निर्देशक व मार्गदर्शन रहे। बुधवार को उन्होंने अपने शोध विषय संजीव एवं रणेन्द्र के उपन्यासों में आदिवासी विमर्श किया गया। कल्पना सिदार ने पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय रायपुर कला संकाय के अंतर्गत हिंदी विषय में डाक्टर ऑफ फिलासफी उपाधि के लिए शोध प्रबंध का प्रस्तुतीकरण की। कल्पना की उपलब्धि पर आदिवासी समाज के



अजाक्स के ब्लॉक अध्यक्ष अमृत लाल जगत, क्षेत्रो सिदार पूर्व अध्यक्ष फुलझर राज, उत्तर कुमार सिदार, सर्कल अध्यक्ष गणेश सिदार, गोंड समाज युवा प्रभाग अध्यक्ष नरेश पोर्ते, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिदार, गोंडवाना गोंड महासभा जिला अध्यक्ष जगदीश सिदार, छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ जिला अध्यक्ष दीपक जगत, कैलाश नेताम आदिवासी विकास परिषद, मनोज सिदार युवा प्रभाग सर्व आदिवासी समाज, विनोद सिदार, रामलाल सिदार, शुभ सिंह जगत, गोकुल पारेश्वर सभी समाज के लोगों ने हर्ष जताया है।

## वृंदावन विद्यालय में हाईस्कूल परीक्षा परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट



**महासमुंद।** स्थानीय वृन्दावन विद्यालय में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा सत्र 2024-25 का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय के कुल 12 छात्र-छात्राएं हाईस्कूल परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें सभी बच्चें उत्तीर्ण हैं। शाला स्तर पर प्रथम श्रेणी में 10 छात्र-छात्राओं व द्वितीय श्रेणी में 2 छात्र-छात्रओं ने उच्चतम अंक प्राप्त किये।

इसमें प्रथम समीर साहू 85.67 प्रतिशत, द्वितीय स्वेच्छा वर्मा 85.34 प्रतिशत, तृतीय मंयक चन्द्राकर 84.83 प्रतिशत प्रतिशत रहा। इसी क्रम में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा पांचवी व आठवी का परीक्षा परीणाम भी 100 प्रतिशत रहा। कक्षा आठवी के कुल 25 छात्र-छात्राओं परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें प्रथम श्रेणी में 25 के 25 बच्चों ने बाजी मारी। कक्षा आठवी में प्रथम मान्यता साहू 92 प्रतिशत, द्वितीय प्रियंका साहू व पूरवांश निषाद व ईशिका गुप्ता 91 प्रतिशत, तृतीय स्थान दिपांशू सिदार व हुलसी साहू ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। कक्षा पांचवी के कुल 29 छात्र-छात्राएं परीक्षा में भाग लिया व 29 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में स्थान बनाया। इसमें प्रथम स्थान अंजली चन्द्राकर 95 प्रतिशत, द्वितीय राज बाघ व अमन कुमार पासवान 92 प्रतिशत व तृतीय स्थान निशु साहू ने 91 प्रतिशत प्राप्त किया।

छात्रों की सफलता पर संस्था के चेयरमेन एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इन्दु मिश्रा, वरिष्ठ शिक्षिका आशा ज्योति डोरा, अमृता चन्द्राकर, उर्मिला अग्निहोत्री, शिक्षिक रेखा साहू, रिंकी कुर्रे, यशवंत घृतलहरे जागृति साहू, जाबिर खान, चंदना सोनी, संस्था के संध्या सोना, सुषमा साहू, वर्षा चन्द्राकर, एम रजनी, भूमिका वर्मा, मोनिषा बोकड़े, शुभ्रा अग्रवाल, नंदिनी साहू, अंशु यादव, नीरू मांझी, प्रवीन साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, कमलेश नागवंशी आदि ने हर्ष जताया है।

## नवा रायपुर में सड़क हादसा, तीन घायल, एक आठ साल का बच्चा शामिल

**रायपुर।** मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में दो कार की आमने-सामने टक्कर से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों में एक आठ साल का बच्चा भी शामिल है। धटना बुधवार सुबह 11 बजे नवा रायपुर सेक्टर-16 की है। कार चालक अपनी चाची के बच्चे तथा केयर टेकर को नवा रायपुर से लेकर वापस अभनपुर जा रहा था, तभी इनोवा के चालक ने मोड़ के पास कार को टक्कर मार दी। पुलिस के अनुसार सड़क दुर्घटना में तुषार मेश्राम, आठ वर्षीय शिवाय मेश्राम तथा अनिता साहू घायल हुए हैं। तुषार की चाची श्रद्धा मगरलोड में महिला बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर है। वह ट्रेनिंग में जाने के लिए निकली थी। ट्रेनिंग में जाने के पूर्व श्रद्धा शिवाय तथा केयर अनिता को संचालनालय में छोड़कर तुषार के साथ मगरोलोड गई थी। तुषार शिवाय तथा अनिता को लेकर अपने निवास अभनपुर जाने के लिए निकला था, तभी हादसा हुआ।



### टर्निंग के दौरान हदसा 30 मीटर तक घसीटा

इनोवा की रफ्तार इतनी ज्यादा थी कि जहां एक्सीडेंट हुआ है, वहां दूसरी कार 30 मीटर तक घिसटती चली गई। इनोवा की टक्कर से कार के एक साइड के हिस्से का परखच्चा उड़ गया। घटना सुबह की थी, इस वजह से घटना स्थल पर काफी लोग मौजूद थे। मौके पर उपस्थित लोगों ने राहत तथा बचाव कार्य करते हुए घटना की जानकारी पुलिस को दी

### एक सप्ताह पूर्व 500 मीटर की दूरी पर हुआ था हादसा

जहां हादसा हुआ, वहां से 500 मीटर की दूरी पर एक सप्ताह पूर्व भी हासदा हुआ था। तेज रफ्तार कार आधी रात को पोल से टकरा गई थी। हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई थी। दोनों जगह जहां हादसा हुआ वहां ढलान है। गाड़ियों की रफ्तार काफी ज्यादा रहती है।

# रैली में गरजे कांग्रेस नेता, बोले- संविधान से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं

**हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा**

संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के उद्देश्य से कांग्रेस पार्टी द्वारा गुरुवार को पिथौरा में संविधान बचाओ रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी ने किया। रैली की शुरुआत थाना चौक पर स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई, जिसके पश्चात पिथौरा बस स्टैंड पर जनसभा आयोजित की गई। सभा को संबोधित करते हुए बसना विधानसभा के पूर्व विधायक राजा देवेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि संविधान हमारे देश की आत्मा है, लेकिन केंद्र की मोदी सरकार बार-बार इसमें बदलाव कर लोकतंत्र को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब जनता को जागरूक होकर इस साजिश के खिलाफ एकजुट होना होगा। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष आत्माराम यादव ने कहा कि संविधान ही आम जनता के अधिकारों का रक्षक है, लेकिन भाजपा सरकार इसे अपने अनुसार बदलकर जनहित को नुकसान पहुंचा रही है। पूर्व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश यादव ने भी जनता से संविधान की रक्षा के लिए आगे आने की अपील की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि दिनेश



नामदेव ने अपने जोशीले भाषण में कहा कि देश आज संवेदनशील दौर से गुजर रहा है। जिस संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुत्व का अधिकार दिया, उसी को बार-बार बदलने की कोशिश की जा रही है। यह सिर्फ कानूनी बदलाव नहीं, बल्कि आम जनता के जीवन और भविष्य से खिलवाड़ है। मोदी सरकार लोकतंत्र की बजाय तानाशाही की राह पर चल रही है। रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हाथों में पार्टी का झंडा लेकर केंद्र सरकार के विरोध में जोरदार नारे लगाए। संविधान बचाओ – देश बचाओ, लोकतंत्र की हत्या बंद करो जैसे नारों से पिथौरा की सड़कें गूंज उठीं।

कार्यक्रम में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कारण दीवान, रविशंकर कश्यप, विजय साहू, हेमंत कौशिक, तौकीर दानी, इश्तियाक खैरानी, नरेंद्र सेन, विकास शर्मा, ज्योतिष अग्रवाल, राजू सिन्हा, प्रफुल्ल राजपूत, कौशल रोहिल्ला, कार्तिक राम ठाकुर, सुखलाल बारिहा सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों में शराब कोचिए सक्रिय, कोई घर पर, कोई वाहन में ले जाकर बेच रहा, 5 गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर**

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शराब कोचियों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। कोई घर पर अवैध रूप से शराब का भंडारण कर बेच रहा है, तो कई दोपहिया वाहन में घूम-घूमकर शराब बेच रहे हैं। आबकारी विभाग की टीम ने ऐसे ही कोचियों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अलग-अलग जगहों से 5 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 46.86 लीटर देशी शराब जब्त की है। जिला आबकारी उपायुक्त रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत कोचियों को भी पकड़ा जा रहा है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बेच रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय छात्रवृत्ति परीक्षा में बसना ब्लाक के 30 छात्रों को मिली सफलता

**बसना।** राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (एनएमएमएसई) 2024-25 के राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित परीक्षा में महासमुंद जिला को कुल 90 सीट प्राप्त हुए थे। इसमें बसना विकासखण्ड ने 30 सीट अर्जित किया और बसना के शिक्षक, विद्यार्थियों ने अपने विकासखण्ड को शीर्ष पर रखने में सफलता प्राप्त की। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया एवं विकासखंड स्रोत केंद्र समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा के मार्गदर्शन में हुए तैयारी में बसना विकास खण्ड के एमएस बिजराभाठा के 7 विद्यार्थी सुकांति नायक, रितिका निषाद, गीतिका चौधरी, देविका सागर, नीलू सिदार, आँचल कुमार और कशिश सिदार, एमएस बिरनडबरी के 6 विद्यार्थी चांदनी बरिहा, दामिनी पटेल, सेवन पटेल, सन्नू चौहान, नेहा बरिहा और दामिनी बरिहा, एमएस बड़े साजापाली के 3 विद्यार्थी सीमा यादव, यशवंत और पूर्णिमा नेताम, एमएस चिमरकेल के 3 विद्यार्थी यशस्वी डड़सेना, खुशबू बारिक और वायुदेव सिदार, एमएस बंसूला के 2 विद्यार्थी खुशबू साव और डीलेश साव, एमएस नौगेड़ी के 2 विद्यार्थी चंद्रमणी पटेल और हर्ष चौहान, एमएस उमरिया के 2 विद्यार्थी मोनिका दीवान और नियति पटेल, एमएस ढालम से सीमा निषाद, एमएस दुर्गापाली से भारती इक्का, कन्या शाला बसना से देवप्रिया सामल, एमएस मोहका से आलोक साहू और सेजेस भूकेल से गुरूदेश बारिक के साथ कुल 30 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त किया।

### शहर में लगेंगे 2000 ट्विन बिन, सफाई की डिजिटल मानिटरिंग

**रायपुर।** शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने जीटीपी हेल्थ केयर ग्रुप का आईएलएस हॉस्पिटल रायपुर शहर में 2 हजार ट्विन बिन स्थापित करेगा। सीएसआर के तहत नगर निगम के 10 जोन में गील और सूखा कचरा रखने प्लास्टिक के डस्टबिन लगाये जाएंगे। इसकी देखरेख डिजिटल माध्यम से की जायेगी। आईएलएस हास्पिटल के डीजीएम श्रीकांत उपाध्याय ने महापौर मीनल चौबे को सहमति पत्र दिया। यह ग्रुप नगर निगम के सभी दस जोन में चयनित सार्वजनिक और व्यावसायिक स्थानों पर ट्विन बिन लगाएगा।

# द्वारिका धाम से वापस लौटने पर तीर्थ यात्रियों ने की सामूहिक पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

द्वारकाधीश धाम की यात्रा से वापस लौटे तीर्थ यात्रियों ने स्थानीय बागबाहरा रोड स्थित भीमराव अंबेडकर मंगल भवन में सामूहिक रूप से तीर्थ देवता, स्थान देवता व शिव का पूजन विधि विधान से किया। इस अवसर पर सभी तीर्थ यात्रियों ने पूजन करते हुए भैरो विदा किया। उल्लेखनीय है कि नगर, परिवार व विश्व कल्याण की भावना से नगर पुरोहित पंकज तिवारी के सानिध्य में करीब 115 तीर्थ यात्रियों का जत्था अलग-अलग साधनों से 5 मई को 8 ज्योतिर्लिंग दर्शन समेत द्वारका धाम में भागवत कथा का आयोजन एवं श्रवण करने रवाना हुए थे। जहां से वापस लौटने पर सामूहिक पूजा की गई।

**भागवताचार्य और आयोजन समिति का सम्मान**

मुख्य जजमान शंकर इंद्राणी पांडेय ने भगवताचार्य पं पंकज तिवारी सह जजमान मनोजकांत सीता देवी साहू, आयोजन समिति के मारकंडेय पुष्पा चंद्राकर, मूलचंद सीमा लड्ढा, दिलीप प्रभा जैन, बाबूलाल मीना साहू, हेमंत तारा चंद्राकर, देवेंद्र गुलशन चंद्राकर, राजेश नायक, दुर्गेश चंद्राकर, विजय चंद्राकर, विपिन चंद्राकर,चंदन महराज को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस मौके पर पं. पंकज तिवारी ने कहा किसी भी धर्मकार्य में पति तभी सहायक हो सकता है जब पत्नी का साथ मिले। इसीलिए पत्नियों को धर्मपत्नी कहा गया।





**हिमजल से शिव अभिषेक व ब्राह्मण भोज**

अनुष्ठान की पूर्णता शिवजी प्रदान करते हैं और ब्राह्मण भोज से सभी प्रकार के अनुष्ठान पूर्ण होते हैं। इसी भाव से तीर्थ यात्रियों ने चंद्रमौलेश्वर महादेव का दुग्ध, दही,घृत, शहद, शक्करा स्नान के बाद हिम जल से अभिषेक किया। इसके लिए बर्फ की सिल्ली मंगवाई गई थी। जिसके जल से तीर्थ यात्रियों तथा उपस्थित श्रद्धालुओं ने महादेव पर जल अर्पण किया। इसके बाद उपस्थित जनों ने जगदीश श्रीकृष्ण और महादेवजी की आरती की और एकादश ब्राह्मणों को भोजन कराकर यात्रा और अनुष्ठान की पूर्णता के लिए आशीर्वाद लिया।

**नपाध्यक्ष, पार्षद, नागरिकों ने किया तीर्थ यात्रियों का स्वागतः**

द्वारकाधीश धाम में भागवत कथा व आठ ज्योतिर्लिंग दर्शन कर नगर पहुंचे तीर्थ यात्रियों का नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू, पार्षद भाउराम साहू, युंकाध्यक्ष व पूर्व पार्षद अमन चंद्राकर, पूर्व जनपद अध्यक्ष सेवनलाल चंद्राकर, पूर्व पार्षद चमन लाल चंद्राकार, पूर्व लायनेश अध्यक्ष ऐश्वर्या तिवारी समेत नागरिकों ने तीर्थ यात्रियों एवं नगर पुरोहित भगवताचार्य पं. पंकज तिवारी का पुष्पहार, श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। साहू कॉफी हाउस के संचालक भाउराम साहू ने अपने चाय दुकान के पास समस्त तीर्थ यात्रियों का आतिशी स्वागत कर सभी के लिए चाय की व्यवस्था की।

## कार्रवाई : निर्माण किये गये मकानों को जेसीबी से किया ध्वस्त

# अवैध अतिक्रमण पर चला शासन प्रशासन का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

शासन प्रशासन के उच्च अधिकारियों के दिशा निर्देश पर तहसीलदार बसना द्वारा ग्राम पंचायत अरेकेल अंतर्गत अवैध रूप से निर्माण कर निवासरत मकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई की गई।

प्राप्त जानकारी अनुसार न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रं 20240610900003 अ/68 वर्ष 2023/24 पक्षकार छग शासन विरुद्ध जुबेदा पति मो रसीद, मो ताज, सिराज खान पिता सुलेमान खान, सल्लू खान पिता सिराज खान, कुंती पति जनक राम, आशाराम टंडन, मो सलीम खान, अलेख व निरंजन पिता जनकराम सभी निवासी ग्राम पंचायत अरेकेल पहनं 35 तहसील बसना जिला महासमुंद में पारित आदेश दिनांक 09/05/25 के अनुसार छ ग राजस्व भू संहिता 1959 की धारा 2480(1) के अन्तर्गत ग्राम अरेकेल शासकीय मद भूमि में दर्ज भूमि पर अनावेदक जुबेदा पिता मो रसीद द्वारा रकबा 794/3 1000 वर्गफीट, मो ताज द्वारा रकबा 794/3 1000 वर्गफीट, सिराज खान द्वारा खसरा नं 794/3 700 वर्गफीट, सल्लू खान पिता सिराज खान द्वारा खसरा नं 794/3 800 वर्गफीट, कुंती पिता जनक राम द्वारा खसरा नं 790/6 500 वर्गफीट, आशाराम सतनामी द्वारा खसरा नं 790/6 400 वर्गफीट, मो सलीम खान द्वारा खसरा नं 796/2 का रकबा 1800 वर्गफीट, अलेख व निरंजन पिता जनकराम द्वारा ख नं 790/6,796/2 का रकबा 4000 वर्गफीट भूमि पर अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया गया है।



अनावेदकगण द्वारा उक्त भूमि पर मकान निर्माण कर अतिक्रमण करना सिध्द होता है। जिसके संबंध में तहसीलदार द्वारा 09 मई को 07 दिवस के भीतर हटाने का आदेश जारी किया गया था। परंतु, अनावेदकों द्वारा अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उसके पश्चात 21 मई से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई। उल्लेखनीय है कि अलेख चौहान पिता जनकराम जाति गांड़ा के पास 05 डिसमिल जमीन का पट्टा है, लेकिन उक्त खसरा नंबर की भूमि दूसरे स्थान की भूमि का है। अतिक्रमणकारियों द्वारा मकान बना कर निवास कर रहे भूमि शासकीय मद की भूमि पुराने राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार पानी के नीचे तालाब की भूमि है, जिस पर शासन के नियमानुसार किसी भी प्रकार से मकान निर्माण नहीं किया जा सकता। जनकराम पिता दासो निवासी अरेकेल पहनं 35 खसरा नंबर 789 रकबा 0.02 हेक्टेयर भूमि स्वामी हक की भूमि दर्ज है और 12/12/2013 को तहसीलदार द्वारा ऋण पुस्तिका जारी किया गया है। लेकिन उक्त भूमि पर दूसरे व्यक्ति के द्वारा कब्जा कर मकान निर्माण किया गया है, जिसे तहसीलदार द्वारा नोटिस जारी कर खाली कराकर पीड़ित व्यक्ति को कब्जा दिलाया जाना चाहिए। भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत सीमांकन किया जाना चाहिये ताकि पीड़ित व्यक्ति को उसका अधिकार मिल सके। इस संबंध में बसना तहसीलदार ममता ठाकुर का कहना है कि शासन के नियमानुसार उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई की जा रही है।

# समाधान शिविर में दिव्यांग छात्रों को सहायक उपकरण व किट का वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

ग्राम जोगनीपाली में आयोजित सुशासन तिहार अन्तर्गत समाधान शिविर में विकासखंड के दिव्यांग विद्यार्थियों को समावेशी शिक्षा अन्तर्गत समग्र शिक्षा राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर से प्राप्त सहायक उपकरण एवं किट का वितरण सरला कोसरिया (सदस्य, छत्तीसगढ़ राज्य महिला जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा किशन पटेल, जिला पंचायत सदस्य कुमारी भास्कर, जिला पंचायत सदस्य लोकनाथ बारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉ प्रकाशचन्द्र पटेल, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष मुकेश धर्मेन्द्र चौधरी, जनपद पंचायत सदस्य बालमोती रेशम पटेल, उषा लालकुमार पटेल, उद्धव भोई, सरपंच ग्राम पंचायत जोगनीपाली तपश्विनी साहू सहित 14 ग्राम पंचायत के सरपंच, विपिन उबोवेजा, प्रदीप साहू, अमृत पटेल, रोहित कुमार साहू, एसडीएम नम्रता चौबे (आईएएस), सीईओ जपं अमित कुमार हालदार, तहसीलदार श्रीधर पंडा, बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी, बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल, बीआरपी (समावेशी शिक्षा) रंभा जायसवाल आदि अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों की उपस्थिति में अतिथियों द्वारा किया गया।

शासकीय प्राथमिक शाला केंदूढार में अध्ययनरत दृष्टिबाधित विद्यार्थी महेश राणा, करन राणा, धनेश्वरी राणा को लो विजन किट मिलने से खुशी से इनकी आंखें चमक उठीं। वहीं शासकीय मिडिल स्कूल प्रेतनडीह से थैलेसिमिया से ग्रस्त छात्र हिमांशु साहू को आइडियल किट मुहैया कराया गया तथा शासकीय मिडिल स्कूल कनकेबा की दृष्टिबाधित छात्रा सुलेंद्री निषाद को भी लो विजन किट प्राप्ति का लाभमिला। शासकीय हाईस्कूल कनकेबा के अस्थि बाधित छात्र लम्बोदर रात्रे को बैशाखी प्रदान किया गया। शासकीय प्राथमिक शाला केंदूढार की अस्थिबाधित छात्रा तानिया महंत को थैरेपी किट मिलने से बालिका का मन काफ़ी हर्षित हुआ। समग्र शिक्षा सरायपाली के माध्यम से जरूरतमंद दिव्यांग विद्यार्थी एवं उनके पालकों ने सहायक शिक्षण सामग्री व सहायक उपकरण एवं किट मिलने पर काफ़ी खुशी जताई। यह शैक्षिक किट एवं सहायक उपकरण दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास में मददगार साबित हो सके और बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ा जा सके इस उद्देश्य से काफी महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों की जरूरतें कुछ हद तक पूरी होने के साथ उनकी शैक्षिक उपलब्धियों में इजाफा होना स्वाभाविक है। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर करने में सहायक सिद्ध होगा। यह समावेशी शिक्षा को प्रोत्साहित करने की दिशा में भी एक सार्थक कदम कहा जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन बीआरसीसी सतीश स्वरुप पटेल द्वारा किया गया।

## बेलसोंडा में नशे के कारोबारियों का आतंक, ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग



**महासमुंद।** जिले के ग्राम बेलसोंडा में अवैध शराब और नशे के कारोबार के खिलाफ ग्रामीणों ने आवाज उठाई है। सैकड़ों महिलाओं और जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर और ग्राम के सरपंच, प्रित बाई धीवर उपसरपंच, कुणाल चंद्राकर के नेतृत्व में कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और नशे के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में अवैध रूप से शराब, गांजा और नशीली दवाएं बेची जा रही हैं, जिससे नाबालिग बच्चे नशे के गिरफ्त में फंस रहे हैं। जब कुछ ग्रामीणों ने इसके खिलाफ आवाज उठाई, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस अधीक्षक आशुतोष सिंग ने आश्वासन दिया है कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# शिक्षा विभाग के दो अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर जताया असंतोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

सर्व शिक्षक संगठन की एक बैठक स्थानीय गोलवरकर स्कूल रखी गई, जिसमें सरायपाली शिक्षा विभाग के दो प्रमुख अधिकारियों बीईओ प्रकाशचंद्र मांझी एवं बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल के कार्यशैली व कर्मचारियों के प्रति पर रोष जाहिर किया गया।

शिक्षकों ने बताया कि विभाग से संबंधित अनेक कार्य जैसे पेंशन प्रकरण, एरियर्स भुगतान, जीपीएफ राशि की निकासी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि भुगतान आदि में जान बूझ कर लेट लतीफ कर बीईओ के द्वारा शिक्षकों को मानसिक, आर्थिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है। वहीं कई शिक्षकों के सर्विस बुक अधूरे हैं, अर्जित अवकाश, अन्य अवकाश का ऑनलाइन अद्यतन नहीं है। इसी तरह बीआरसीसी का



व्यवहार शिक्षकों के प्रति ठीक नहीं है। कई जानकारी बार बार मंगवाई जाति है, जो पूर्व से कार्यालय में मौजूद होता है। कुछ जानकारी अन्य है कि सबसे पहले प्राचार्य, व्याख्याता, विकास खंड की तुलना में पूर्व या अतिरिक्त मंगवाई जाति है, जो समझ से परे है। इस प्रकार के अतिरिक्त जानकारी मंगवा कर, अनावश्यक रूप से ऑनलाइन कार्यों को किए जाने के लिए शिक्षकों को दबाव पूर्वक परेशान किया जाता है। बैठक के दौरान उक्त दोनों अधिकारियों से त्रस्त होकर सर्व शिक्षक संगठन द्वारा उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। इसके अलावा बैठक में सभी संगठनों ने वर्तमान में चल रहे दोषपूर्ण युक्तियुतकरण की नीति का भी एक सुर में विरोध किया।

**संगठन ने शासन से मांग की :** प्रधान पाठक मिडिल के पद पर पदोन्नति हो। उसके पश्चात ही यदि कोई शिक्षक अतिशेष होते हैं तो उनका युक्तियुक्तकरण 2008 के सेटअप के अनुसार होना चाहिए। इसके साथ साथ इस सत्र 2025 में सेवानिवृत शिक्षकों को अतिशेष से पृथक रख कर शेष शिक्षकों को उनके स्थान का लाभ दिया जाना चाहिए। वहीं जो शिक्षक स्वेच्छा से अति शेष में अन्यत्र विद्यालय जाना चाहते हैं तो उन्हें अवसर प्रदान करना चाहिए। शिक्षकों ने कहा कि यदि 2008 सेटअप को लागू नहीं किया जाता है तो शिक्षा गुणवता में निश्चित रूप से गिरावट आएगी। बैठक में चंद्रहास पात्र, भोज राज पटेल, किशोर रथ, अनिल पटेल, मनोज रॉय, लव पटेल, राजाराम पटेल, नेहरू लाल चौधरी, भोला नायक, राजेश प्रधान, अंगद बारीक, गणेश चौहान, जयंत बारीक, उपेंद्र साहू, मोहित नायक, रामलाल साहू, गजानन पाणिग्राही, दरस पटेल, उपेंद्र कुमार साहू, हेमंत चौधरी आदि शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत जोरातराई में कमार जनजाति के लिए शिविर आयोजित

## कलेक्टर ने कमार बस्तियों में मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने दिए निर्देश, बनेगा अमृत सरोवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम जोरातराई में प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य कमार जनजाति के लोगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना एवं उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ प्रदान करना था। शिविर में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला पंचायत सीईओ एस आलोक एवं आदिम जाति विकास विभाग की सहायक आयुक्त शिल्पा शाय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। अधिकारियों द्वारा कमार जनजाति के सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए आजीविका के अवसरों, स्वरोजगार, एवं शासकीय योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ग्रामीणों की जल समस्या को गंभीरता से लेते हुए 10 हजार वर्गफीट में अमृत सरोवर निर्माण के लिए निर्देश देते हुए उनसे चर्चा कर स्थल का चिन्हांकन किया। साथ ही उन्होंने सभी हितग्राहियों के लिए श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, बैंक खाता, राशन कार्ड तथा किसान सम्मान निधि योजना जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत कमार बस्तियों के विकास के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। जिसके तहत कमार बस्तियों में सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी तथा सभी व्यक्तियों को शासन की योजनाओं से जोड़ा जाएगा। शिविर में कलेक्टर ने ग्रामीणों से आत्मीय चर्चा कर उनके रहन-सहन और आजीविका की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आजीविका सुदृढ़ करने भी प्रयास किए जा रहे है ताकि सबको स्थायी आमदनी मिल सके।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने जोरातराई और रैताल के कमार बस्ती का निरीक्षण किया तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपूर्ण आवासों को शीघ्र पूर्ण करने हेतु संबंधित अधिकारियों एवं ग्राम पंचायत सचिव को निर्देश दिए।

शिविर में कमार समुदाय के लिए नल-जल योजना के तहत स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए गए।

# विधानसभा अध्यक्ष से डॉ पाणिग्राही ने भेंटकर बागबाहरा बायपास के लिए जताया आभार

**बागबाहरा।** बागबाहरा बायपास के फाइनल डीपीआर बनाने तथा उसके बाद दिल्ली से स्वीकृति पश्चात निर्माण शुरू होने की जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के सुशासन समाधान से मिलने के बाद डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ डॉ रमन सिंह से दुर्ग में सौजन्य भेंट कर बागबाहरा बायपास के लिए आभार माना। डॉ पाणीग्राही ने कहा कि बागबाहरा बायपास की स्वीकृति वर्ष 2006 में तत्कालीन मुख्य मंत्री डॉ रमन सिंह ने 18 जून 2006 को हेलो मुख्यमंत्री फोन इन कार्यक्रम में मेरी मांग पर स्वीकृत किया था, जो 19 वर्षों बाद विभिन्न प्रक्रियाओं एवं प्रतिक्षा सूची में रहने के बाद अब निर्माण की अंतिम प्रक्रियाओं की ओर बढ़ रहा है, जो राष्ट्रीय राजमार्ग एनएचएआई द्वारा किया जाएगा। डॉ पाणीग्राही ने 2006 से लेकर अभी तक सभी बातों का सिलसिलेवार विवरण बताते हुए डॉ रमन सिंह को अवगत कराया तथा उन्हें बागबाहरा बायपास की स्वीकृति प्रदान करने के लिए धन्यवाद ज्ञापन एवं आभार व्यक्त किया। विधान सभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने भी प्रसन्नता व्यक्त की। बागबाहरा बायपास बन जाने के बाद भारी वाहनों का आना जाना नगर के भीतर से नहीं होगा तथा यातायात सुगम एवं सुरक्षित होगा।

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं विमला कुमारी पति गोरेलाल साहू,उम्र 41 वर्ष, जाति-तेली, निवासी-वार्ड नं.05 ग्राम-कलमीदादर, पोस्ट-तेन्दूकोना, तहसील-बागबाहरा, जिला-महासमुन्द (छ.ग.) की हूँ, मेरा वास्तविक नाम विमला कुमारी है जो मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र व परिचय पत्र में दर्ज है, किन्तु मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम संगीता दर्ज है जिसे परिवर्तित कर वास्तविक नाम को दर्ज कराने के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ-पत्र प्रस्तुत कर दी हूँ।

दिनांक 19.05.2025

स्थान- बागबाहरा

**शपथकर्ता**
**विमला कुमारी**

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) पिथौरा**
**जिला-महासमुंद (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2024-25
ग्राम - लहरौद, प.ह.नं 04
रा.नि.मं - लहरौद तहसील पिथौरा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है आवेदिका तीजमती चौधरी पति भागीरथी चौधरी, जाति-अघरिया, निवासी ग्राम-पकरीद, जिला-बलौदाबाजार (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व हक की ग्राम-लहरौद, प.ह.नं. 04 रा.नि.मं. लहरौद, तहसील पिथौरा स्थित भूमि खसरा नंबर 924/18 रकबा 0.04 हे. को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय नक्शा, खसरा, बी-1, ग्राम पंचायत प्रस्ताव, नगर एवं ग्राम निवेश का भू-उपयोग प्रमाण पत्र की प्रति के साथ प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है ।

अतएव आवेदित भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु पुनर्निर्धारण करने में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तारीख 26/5/2025 तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त होने वाली दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है ।

आज दिनांक 01.05.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.)**
**पिथौरा जिला महासमुंद (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### नक्सलवाद मुक्त प्रदेश की ओर बढ़ रहा छत्तीसगढ़ः पप्पू



**महासमुंद**। तुमगांव नगर के पूर्व उपाध्यक्ष व भाजपा जिला प्रतिनिधि पप्पू पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के सघन जंगलों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के महासचिव नंबाला केशव राव उर्फ बसवराज सहित 27 नक्सली मारे गए। बसवराज पर एक करोड़ रुपए का इनाम था और वह नक्सल आंदोलन का शीर्ष नेतृत्वकर्ता था। पटेल ने इसे नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताई। उन्होंने मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद का खात्मा होने पर भी विश्वास जताया।




### विकास के लिए सीएम को सौंपा मांग पत्र

**महासमुंद**। प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अलका चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर खल्लारी विधानसभा के सड़क पुलिया विभिन्न मांगों को लेकर मांग पत्र सौंपा। जिस पर पूर्व विचार कर पूर्ण करने का आश्वासन मुख्यमंत्री ने दिया। प्रमुख मांगों में बिहाझर गाजर मोंगरापाली चौड़ीकरण कार्य, ग्राम अमेरा से बोईरगांव मार्ग, ग्राम दावनबोड़ से सुखरी डबरी मार्ग, तेलीबांधा से पड़कीपाली, डूमरपाली से घुचापाली मार्ग, कमरौद चरोदा मार्ग, बेलर मोहंदी मार्ग, परसूली से बनियाटोरा मार्ग, भुरकोनी मोहँदा मार्ग में पुलिया निर्माण, लोंदामुड़ा से कोकड़ी मार्ग में डामरीकरण कार्य, बागबाहरा में उपपंजीयक कार्यालय आदि मांग शामिल है।

### जिला जेल में तनाव प्रबंधन पर हुई कार्यशाला

**महासमुंद**। एनएचएम, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में बंदियों और स्टॉफ के साथ तनाव प्रबंधन कार्यशाला आयोजित किया गया। डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, नीलू घृतलहरे डीपीएम व डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से किया गया। बंदियों को आत्महत्या के लक्षण जैसे मन का उदास होना, नींद ना आना, गुस्सा करना अपने आपको नुकसान पहुंचना, नशा का आदि होना, आत्मविश्वास में कमी, रुचिगत कार्य में मन नही लगना, चिंता करना व्यवहार में परिवर्तन होना आदि रोकथाम के उपाय, अपना दैनिक दिनचर्या को ठीक रखे, आपसी समन्वय स्थापित करें, एक दूसरे से वार्तालाप करें, हल्का व्यायाम करें, प्रतिदिन योगा अभ्यास करें, अपना स्वयं की सफाई करें, मोटिवेशन, मनोरंजन जैसे किताब पढ़े, खेल आदि का आनंद ले। टीवी देखे, डीप ब्रिथिंग बलून की सलाह दी गई। कार्यशाला में जेल उप अधीक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा, मेडिकल कालेज सह जिला अस्पताल से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, खोमन लाल साहू सीनियर नर्सिंग ऑफिसर आदि मौजूद रहे।

# पाँच वर्ष से कम आयु के बच्चों में कुपोषण की रोकथाम की दिशा में ठोस कदम

## शासकीय योजनाओं और जनसहभागिता से बच्चों के स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में कुपोषण की रोकथाम के लिए राज्य एवं केंद्र सरकार की पोषण संबंधी योजनाओं के अंतर्गत निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। राष्ट्रीय पोषण मिशन (पोषण अभियान) जैसे शासकीय कार्यक्रमों के साथ यूनिसेफ़ और एम्स रायपुर के स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के सहयोग से सामुदायिक आधारित प्रबंधन कार्यक्रम (सीएमएएम) भी प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य अति गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें पोषण सहायता प्रदान कर



सामान्य स्वास्थ्य स्थिति में लाना है।

कार्यक्रम की गुणवत्ता और प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के लिए नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, दिल्ली के विशेषज्ञों द्वारा जिले में नियमित निरीक्षण किए जा रहे हैं। हाल ही में जिले के विकासखंड पिथौरा, बागबाहरा एवं महासमुंद ग्रामीण परियोजनाओं के अंतर्गत चयनित 6 आंगनवाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने अति गंभीर कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का मूल्यांकन किया, अभिभावकों को पोषण आहार की जानकारी दी तथा एएनएम, मितानिन और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के समर्पित कार्य की सराहना की। इन सतत निरीक्षणों और समन्वित प्रयासों के फलस्वरूप महासमुंद जिले में बाल कुपोषण की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा जा रहा है। यह पहल बाल स्वास्थ्य और पोषण सुधार की दिशा में एक प्रेरणादायक मॉडल के रूप में उभर रही है।

# कलेक्टर लंगेह ने किया शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय लंगेह एवं संयुक्त टीम ने बुधवार शाम शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात बैठक आहूत किया। जिसमें आशुतोष सिंह पुलिस अधीक्षक, तान्या ब्रम्हे प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड, निरंजना शर्मा सामाजिक कार्यकर्ता, सुनीता देवांगन सामाजिक कार्यकर्ता, डॉ. पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं खेमराज चौधरी जिला बाल संरक्षण अधिकारी मौजूद रहे।

टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान संस्था में स्थापित कैमरे का बेकअप अवलोकन किया गया। जिसमें कम समय अवधि का स्टोरेज पाया गया। 01 माह का स्टोरेज क्षमता बढ़ाने के



लिए निर्देशित किया गया। साथ ही चिन्हांकित जगहों पर ऑडियो, वीडियो वाला कैमरा स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान संस्था में नवप्रवेशित बालकों का प्रवेश के समय ही तलाशी लेते हुए अग्रिम कार्यवाही किया जावे तथा बालकों से परिवार द्वारा मुलाकात के दौरान कोई भी सामग्री न लिया जाये और नशे से संबंधित सामग्री का संस्था में प्रवेश न हो सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया।

**समीक्षा:** किशोर न्याय बोर्ड में जघन्य एवं गंभीर अपराध के 259 प्रकरण लंबित

# लंबन एवं सामाजिक अन्वेषण प्रतिवेदन को लेकर हुई समन्वय बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय लंगेह की अध्यक्षता में विधि से संघर्षरत बालकों के प्रकरण में लंबन एवं सामाजिक अन्वेषण प्रतिवेदन के संबंध में समन्वय बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आहूत की गई। उक्त बैठक में सु तान्या ब्रम्हे प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड महासमुंद, सारिका वैद्य उपपुलिस अधीक्षक, समीर पाण्डेय जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं खेमराज चौधरी जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई शामिल हुए।

समन्वय बैठक में चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि किशोर न्याय बोर्ड में जघन्य अपराध के 104 प्रकरण एवं गंभीर अपराध के 155 प्रकरण इस प्रकार कुल 259 प्रकरण लंबित है। कलेक्टर द्वारा एक वर्ष से अधिक लंबित प्रकरणों का त्वरित संज्ञान लेते हुए निराकरण करने के निर्देश दिये गये। पुराने प्रकरण में गवाही, साक्ष्य एवं बालक उपस्थित नहीं होने के कारण अग्रिम कार्यवाही करने में विलंब हो रहा है, साथ ही नये प्रकरण में वारंट जारी



नहीं हो रहा है, नोटिस जारी किया जा रहा है।

उक्त संबंध में उक्त प्रकरण में किशोर न्याय बोर्ड, पुलिस विभाग को कारवाई के निर्देश दिया गया। साथ ही किशोर न्याय बोर्ड से जारी पत्र की तामिली को समय पर करने के निर्देश दिए गए। इससे किशोर न्याय बोर्ड में बालक एवं गवाही की उपस्थिति नहीं हो पा रही है। किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत प्रकरण के प्रकृति के आधार पर लगभग 3-4 माह में निराकरण की कार्यवाही करने के संबंध में निर्देशित किया गया है। शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह में निवासरत बालकों का प्रत्येक सप्ताह काउंसलिंग की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया है।

बैठक में न्याय बोर्ड से रिहाई पर चले गये बालकों का डेटा बेस तैयार कर नियमित रूप से फॉलोअप रिपोर्ट तैयार किया जाये तथा ऐसे बच्चों को समाज की मुख्यधारा में जोड़ने की कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

बाल कल्याण पुलिस अधिकारी द्वारा नये प्रकरण किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत करने पर किशोर न्याय (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) आदर्श नियम 2016 के प्रारूप 01 में प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। पुलिस थाना में लघु अपराध के प्रकरण को संज्ञान लेते हुए थाना स्तर पर ही कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। साथ ही एकल प्रकरण में एफआईआर दर्ज नहीं किये जाने के संबंध में निर्देशित किया गया। किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत बालक के प्रकरण पर निर्धारित प्रपत्र में सामाजिक जांच रिपोर्ट विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी द्वारा निर्धारित समय-सीमा 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के संबंध में अध्यक्ष महो. को अवगत कराया गया कि माह अप्रैल 2025 की स्थिति में कोई भी सामाजिक जांच रिपोर्ट लंबित नहीं है।

किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत बाल के प्रकरण में निर्धारित समय-सीमा में पुलिस डायरी बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया, जिससे बाल के प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम कार्यवाही प्रस्तुत की जा सकेगी। शासकीय बाल सम्प्रेक्षण गृह में संस्थागत बालक एवं किशोर न्याय बोर्ड में प्रस्तुत जघन्य अपराध (16 से 18 वर्ष आयु) के प्रकरण में त्वरित संज्ञान लेते हुए बालक को प्लेस ऑफ सेफ्टी स्थानांतरण करने की कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# बाढ़ आपदा प्रबंधन की पूर्व तैयारी को लेकर हुई बैठक

## कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली अधिकारियों की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने 20 मई को समय-सीमा बैठक के दौरान आगामी मानसून को दृष्टिगत रखते हुए बाढ़ आपदा बचाव एवं राहत कार्यों की पूर्व तैयारी के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने बाढ़ से निपटने के लिए समुचित एवं प्रभावी रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत एस आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर लंगेह ने जिले में स्थापित वर्षा मापक यंत्रों की जांच कर उन्हें कार्यशील स्थिति में लाने और जिन स्थानों पर ये यंत्र नहीं हैं, वहाँ शीघ्र स्थापना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 1 जून 2025 से जिले में 24×7 नियंत्रण कक्ष की स्थापना करने को कहा, जिसकी जानकारी आमजन को मीडिया के माध्यम से दी जाएगी। नियंत्रण कक्ष 1 जून 2025 से वर्षा ऋतु की समाप्ति तक कलेक्टर कार्यालय, कक्ष क्रमांक 20 में कार्यशील रहेगा। इस आपदा नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07723-223505 तथा ईमेल msamund.cg@nic.in है। आपदा नियंत्रण कक्ष के संचालन हेतु नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने संवेदनशील एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों में आवश्यक खाद्यान्न, नमक, केरोसीन तथा जीवन रक्षक दवाइयों का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के साथ पेयजल के स्त्रोतों की सफाई एवं ब्लीचिंग पाउडर की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बाढ़ संभावित क्षेत्रों की सूची तैयार कर सतत निगरानी रखने, सुरक्षित स्थानों की पहचान कर वहां लोगों को पहुँचाने की पूर्व योजना बनाने, बचाव कार्यों के लिए उपकरणों एवं नावों को क्रियाशील रखने एवं प्रशिक्षित बचाव कर्मियों की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा। नगरीय क्षेत्रों में नालों की नियमित सफाई एवं जल निकासी के लिए पंपों की व्यवस्था, बड़ी नदियों के जलस्तर की सतत निगरानी तथा जलाशयों से जल प्रवाह की सूचना समय पर निचले क्षेत्रों को प्रदान करने के निर्देश भी दिए गए। कलेक्टर ने राहत शिविरों में भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य परीक्षण आदि की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और बाढ़ से होने वाली क्षति की दैनिक जानकारी निर्धारित प्रारूप में राहत आयुक्त कार्यालय एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के पोर्टल पर समय पर अपलोड करें।

# बेलडीह के पीएमश्री विद्यालय में चल रहा समर कैंप, बच्चों को मिल रहा बहुआयामी प्रशिक्षण

**पिथौरा (ग्रामीण)**। पिथौरा ब्लॉक के सुदूर अंचल स्थित पीएम श्री प्राथमिक विद्यालय बेलडीह में दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है, जो 23 मई तक चलेगा। समर कैंप में जिला शिक्षाधिकारी विजय कुमार लहरे, जिला मिशन समन्वयक रेखराज शर्मा और एपीसी सम्पा बोस आकस्मिक निरीक्षण पर पहुंचे। उन्होंने समर कैंप की गतिविधियों का अवलोकन किया और बच्चों से बातचीत कर उनके अनुभवों को जाना। अधिकारियों ने विद्यालय में जारी निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। साथ ही पालकों और शाला विकास




समिति के सदस्यों से भी चर्चा की।

समर कैंप में बच्चों को स्पोकन इंग्लिश, हिंदी पठन-लेखन, बेसिक कंप्यूटर, ड्रॉइंग-पेंटिंग, नृत्य, क्ले आर्ट, पेपर क्राफ्ट और ज्वेलरी डिज़ाइन जैसे विषयों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रभारी प्रधान पाठक अभिषेक सिंह ने बताया कि इन गतिविधियों का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान देना है। इस कैंप में बेलडीह के अलावा अन्य विद्यालयों के बच्चे भी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षकों में प्राची साहू, उन्नति साहू, नम्रता नायक और नमिता साहू की सेवाएं ली जा रही हैं। कैंप के सफल संचालन में संकुल समन्वयक खेमराज पटेल, पालकों और शाला विकास समिति का सराहनीय सहयोग मिल रहा है।

# सरिता ने कारीगर योजना से सीखा हुनर आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया कदम


**महासमुंद**। भारत सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संचालित कारीगर योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रह रहे आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए एक सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण जनता को स्वरोजगार के लिए प्रेरित करना एवं उन्हें आवश्यक प्रशिक्षण, संसाधन और तकनीकी सहायता प्रदान करना है, ताकि वे पारंपरिक एवं स्थानीय उत्पादों के माध्यम से आत्मनिर्भर बन सकें।

इसी कड़ी में विजयलक्ष्मी समाज कल्याण समिति के माध्यम से विकासखंड पिथौरा के ग्राम भुरकोनी की निवासी सरिता साहू को कारीगर योजना का लाभ प्राप्त हुआ। सरिता का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर था और उन्हें आजीविका चलाने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। परिवार की जरूरतें पूरी करना कठिन होता जा रहा था, परंतु उनके जीवन में उस समय बदलाव आया जब उन्हें कारीगर योजना की जानकारी प्राप्त हुई। सरिता ने योजना के अंतर्गत हर्बल साबुन



निर्माण तथा मिलेट्स (मोटे अनाज) आधारित खाद्य उत्पादों के निर्माण का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण समाप्ति के उपरांत सरिता ने बिना समय गंवाए अपने गृह ग्राम में ही लघु स्तर पर उत्पादन कार्य प्रारंभ कर दिया। आज वे स्वयं के द्वारा निर्मित हर्बल साबुन एवं मिलेट्स से बने उत्पादों का स्थानीय बाजार में विक्रय कर रही हैं। सरिता की मेहनत और योजना की सहायता से अब उनकी मासिक आय 5 हजार से 8 हजार रुपए के बीच हो गई है।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
03 जून, 22 जुलाई, 12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di — Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

महासमुंद जिले में
आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

| | | |
|---|---|---|
| महासमुंद शहर | 5 पद | योग्यता 12 से स्नातक |
| सरायपाली | 3 पद | वेतन |
| पिथौरा | 2 पद | 10000/- |
| झलप | 4 पद | |

हरिभूमि समाचार पत्र में ऐसे युवकों की आवश्यकता है जो महासमुंद, सरायपाली, पिथौरा, झलप क्षेत्र के शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में अखबार का प्रसार कार्य कर सके, विज्ञापन एवं खबरों का भी दायित्व निभा सकें।
जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा एवं बैंक एकाउंट, आधार कार्ड के साथ तुरंत संपर्क करें।
Resume Whatsapp करें 9098324969

महासमुंद - 9981131365, 9425204260
सरायपाली - 7354219999
सरायपाली ग्रामीण - 7694085811
पिथौरा - 9977017786
पिथौरा ग्रामीण - 9111194424
झलप - 9977000794

हरिभूमि
कार्यालय
धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर (छत्तीसगढ़)